Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 7:12 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 17 अंक 10 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 21 जून 2025

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**हल्द्वानी।** नगर निगम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। लंबे समय से पद पर तैनात डॉ. मनोज कांडपाल को उनके मूल पद जिला सर्विलांस अधिकारी पर वापस भेज दिया गया है। उनकी जगह फुटकुआं पीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. जितेश कांडपाल को नगर स्वास्थ्य अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने शुक्रवार को निगम कार्यालय में पदभार ग्रहण कर लिया। चिकित्सक मनोज कांडपाल ने कार्यभार से मुक्ति के लिए बृहस्पतिवार को सीएमओ को पत्र भेजा था। इसके बाद उन्होंने जिला सर्विलांस अधिकारी के रूप में पुन: कार्यभार संभाल लिया। इधर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी बनाए गए डॉ. जितेश कांडपाल अब दोहरी जिम्मेदारी संभालेंगे। वह पीएचसी फुटकुआं के प्रभारी पद पर भी बने रहेंगे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि वे विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में और टीम के सहयोग से नगर की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्य करेंगे।

## 101 सब-इंस्पेक्टर और 221 कांस्टेबलों के तबादले

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड पुलिस विभाग में ग्रीष्मकालीन स्थानांतरण सत्र 2025 के अंतर्गत कुमाऊं मंडल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। कुमाऊं परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार, क्षेत्र के 101 उपनिरीक्षकों (सब-इंस्पेक्टर) और 221 आरक्षियों (कांस्टेबलों) के तबादले किए गए हैं। यह स्थानांतरण उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय, देहरादून द्वारा तय की गई नीति के अनुरूप तथा जनपदों में निर्धारित सेवा अवधि पूरी करने के आधार पर किए गए हैं। इस फेरबदल का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को अधिक चुस्त-दुरुस्त और प्रभावी बनाना है। नई नियुक्तियों से उम्मीद जताई जा रही है कि इससे कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार होगा और पुलिसिंग में नई ऊर्जा का संचार होगा।

# वन दरोगा की लिखित परीक्षा कल, परीक्षा को शान्तिपूर्ण कराने को प्रशासन अलर्ट

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

आगामी 22 जून दिन रविवार को 11 बजे से 1 बजे तक उत्तराखण्ड अधीनस्थ चयन सेवा आयोग द्वारा वन दरोगा की लिखित परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा को शान्तिपूर्ण तथा पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु जनपद में 12 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिनमे 4870 परीक्षार्थी परीक्षा देगें। एडीएम पंकज उपाध्याय ने डॉ एपीजे कलैक्ट्रेट सभागार में केन्द्र व्यवस्थापकों, समन्वयको व सैक्टर मजिस्ट्रेटो की बैठक लेते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शिता तथा निष्पक्षता से सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। जनपद में 12



परीक्षा केन्द्र जिसमे सेंट पिटर्स सीनियर सिकेट्री स्कूल किच्छा, आदर्श राजकी बालिका विद्यालय पंतनगर, अमर इण्टर कालेज रूद्रपुर, अटल उत्कर्ष राजकी बालिका विद्यालय किच्छा, भन्जूराम अमर इण्टर कालेज रूद्रपुर, गोविन्द विद्या मंदिर इण्टर कालेज रूद्रपुर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज फाजलपुर महरौला रूद्रपुर, हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल किच्छा, जनता इण्टर कालेज रूद्रपुर, अटल उत्कर्ष एएनझा राजकीय इण्टर कालेज रूद्रपुर, रूद्रपुर इंस्ट्यूट ऑफ टैक्नॉलोजी भगवानपुर रूद्रपुर, कृष्णा मचेंट्स एसोसिएशन इण्टर कालेज किच्छा परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। उन्होंने कहा कि परीक्षा कार्य में कोई लापरवाही भी क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा की ड्यूटी बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, निर्धारित समय पर अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश होना चाहिए, परीक्षा केंद्र में आवश्यक दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन करते हुए सीसीटीवी कैमरे की जद में प्रश्नपत्र रखे व खोले जाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था लगायी गयी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के भीतर मोबाइल फोन तथा ब्लूटूथ डिवाइस, घड़ी या किसी भी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं है। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। समस्त परीक्षा केन्द्रों में धारा 163 लागू रहेगी। बैठक में ओसी गौरव पाण्डे, डिप्टी सीएमओ डॉ एसपी सिंह,डीईओ हरेन्द्र मिश्रा, सेक्टर मजिस्ट्रेट अधिशासी अभियंता विद्युत उमाकांत चतुर्वेदी, विद्युत एसके तिवारी, लोनिवि अरूण कुमार, एसके अग्रवाल, पेयजल निगम सुनील जोशी, पीएन चौधरी, सुधीर कुमार, उप श्रमायुक्त केके गुप्ता, उप आयुक्त राज्यकर शशीकांत आर्य, डिप्टी उपायुक्त वीर सिंह, परिवहन कर अधिकारी आनंद प्रकाश गुप्ता सहायक निदेशक डेरी राजेन्द्र सिंह चौहान सहित केन्द्र व्यवस्थापक व समन्वयक आदि मौजूद रहे।

कई देशों के राजनयिक रहे मौजूद

# सीएम धामी ने जारी की उत्तराखंड की योग नीति

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उत्तराखंड ने परंपरा, प्रकृति और प्रेरणा के साथ योग का अद्भुत संगम दिखाया। प्रदेश ने पूरे विश्व को योग का संदेश दिया। इस दौरान सीएम धामी ने राज्य की योग नीति जारी की।

कर्णप्रयाग के भराड़ीसैण में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने योग दिवस पर 800 से अधिक लोगों के साथ योग किया। पारंपरिक स्वागत के बीच मंच पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की अपनी योग नीति का अनावरण भी किया। उनके साथ मंत्री धन सिंह रावत, विधायक अनिल नौटियाल, योग गुरु भारत भूषण और कई देशों के राजनयिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने बच्चों से मुलाकात कर योग के प्रति उनका उत्साह भी सराहा। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा, योग भारत की प्राचीनतम और गौरवशाली परपंरा का अमूल्य उपहार है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है बल्कि सकारात्मक दृष्टिकोण भी प्रदान करता है। सीएम धामी ने आगे कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देवभूमि उत्तराखंड से निकला योग आज संपूर्ण विश्व में अपनाया जा रहा है। आइए, हम सभी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ व संतुलित समाज के निर्माण में सहभागी बनें।



## दुनिया तनाव, अशांति और अस्थिरता से गुजर रही : मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने योग दिवस पर कहा कि दुर्भाग्यवश आज पूरी दुनिया कई क्षेत्रों में तनाव, अशांति और अस्थिरता से गुजर रही है। ऐसे समय में योग हमें शांति का मार्ग दिखाता है। योग वह विराम बटन है, जिसकी मानवता को सांस लेने, संतुलन बनाने और फिर से पूर्ण बनने के लिए जरूरत हैप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में योग की यात्रा देखकर कई बातें याद आती हैं। जब भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने का प्रस्ताव रखा, तो बहुत कम समय में 175 देशों ने हमारा साथ दिया।

# डीएम वंदना ने ली रकसिया एवं देवखड़ी नालों में अतिक्रमण और मानसून को लेकर उच्चस्तरीय बैठक

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

नालों से अतिक्रमण हटाने को लेकर जिला अधिकारी वंदना सिंह ने एक बैठक आहूत की यहां बता दें रकसिया एवं देवखड़ी नालों में अतिक्रमण और मानसून के दौरान संभावित जान-माल के खतरे को लेकर जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। यह बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट के अनुरोध पर बुलाई गई थी, जिसमें नगर आयुक्त ऋचा सिंह, उपजिलाधिकारी राहुल शाह, यूयूएसडीए के परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह सहित नगर निगम पार्षदगण और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। बैठक में उपजिलाधिकारी ने बताया कि विगत वर्षों में नालों के ऊपर अतिक्रमण या निर्माण के चलते बारिश के समय भारी जलभराव हुआ, जिससे आवासीय क्षेत्रों में व्यापक जनधन हानि और आक्रोश उत्पन्न हुआ। इसी को दृष्टिगत रखते हुए नालों का प्रारंभिक सर्वे कर चिन्हित अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नोटिस प्राप्त लोगों को अपना पक्ष रखने का अवसर देने की मांग रखी, जिसे स्वीकार करते हुए जिलाधिकारी ने सभी पक्षकारों को पर्याप्त समय देने और स्थलीय सत्यापन के बाद ही अंतिम निर्णय लेने के निर्देश दिए। बैठक में अतिक्रमण निस्तारण हेतु चरणबद्ध कार्ययोजना भी बनाई गई, जिसमें 23 जून से 1 अगस्त 2025 तक सर्वे, आपत्तियों का निस्तारण और अंतिम कार्ययोजना तय करने की समयसारिणी निर्धारित की गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो अतिक्रमण सीधे नाले के भीतर हैं और मानसून में जान-माल को सीधा खतरा पैदा कर सकते हैं, उन्हें प्राथमिकता पर चिन्हित कर मुनादी के बाद तत्काल हटाया जाए। साथ ही सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि कार्ययोजना के अनुसार समन्वय स्थापित कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि मानसून से पहले आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



# उत्तराखंड पंचायत चुनाव की अधिसूचना हुई जारी, प्रथम चरण के मतदान 10 जुलाई को

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

राज्य निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में उत्तराखंड पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। इस बार हरिद्वार जिले को छोड़कर शेष 12 जिलों में पंचायत चुनाव कराए जाएंगे।

निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी संबंधित जिलों में विस्तृत सूचना जारी करेंगे। नामांकन की प्रक्रिया 25 जून से शुरू होकर 28 जून तक चलेगी। इच्छुक प्रत्याशी प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक नामांकन कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 29 जून से 1 जुलाई तक होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 2 जुलाई रहेगी। चुनाव दो चरणों में संपन्न होंगे। पहले चरण में




प्रत्याशियों को 3 जुलाई को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे, और 10 जुलाई को मतदान होगा। मतदान का समय सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। दूसरे चरण में 8 जुलाई को चुनाव चिह्न मिलेंगे और 15 जुलाई को मतदान कराया जाएगा। सभी चरणों के लिए मतगणना 19 जुलाई तय की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी संबंधित विभागों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पटल पर योग को दिलाई विशेष पहचान: विधायक

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

11वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने गोविन्द वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मे आयोजित अंतराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम मे प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री गणेश जोशी के साथ सहभागिता की।

इस दौरान योगाचार्य द्वारा शरीर के विभिन्न असन द्वारा योगाभ्यास करवाया। तो वहीं कार्यक्रम मे ऑनलाइन माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशाखापत्तनम से व प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भराड़ीसैंण (गैरसैंण) से कार्यक्रम मे जुड़े। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि यह 11वा



अंतराष्ट्रीय योग दिवस जिसको विश्व पटल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक विशेष पहचान दिलाई है, योग हमारी प्राचीन काल से चली आ रही विरासत है जो ऋषि मुनियों व संत महात्माओ के समय से चली आ रही है लेकिन वर्तमान मे 21 जून के रूप मे पूरा विश्व योग दिवस को मना रहा है यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प के कारण पूर्ण हो पाया। विधायक शिव अरोरा बोले योग न केवल शरीर को स्वास्थ बनाने बल्कि योग के माध्यम से मन मस्तिष्क , व्यक्ति की इच्छाशक्ति को मजबूत बनाने के लिये मनुष्य के अंतर मे आत्मविश्वास पैदा करता है। योग हमारी प्रतिदिन दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए, जो मानव शरीर को ईश्वर मार्ग से जोड़ने हेतु एक बेहतर वातावरण बनाता है, वर्तमान समय मे युवा पीडी अपनी जिम्मेदारियों का भार महसूस करते हुऐ जीवन व्यतीत कर रही है लेकिन ऐसे मे योग एक ऐसी साधना है जो तनाव रहित जीवन जीने की प्रेरणा देता है । भारत ही नही अपितु पूरा विश्व योग दिवस के रूप मे एक सूत्र मे नजर आ रहा है,यह हम सभी के लिये गर्व की अनुभूति है कि हमारी युगो युगो से चली आ रही योग कि प्रकिया को दुनिया के लगभग सभी देश ने स्वीकारा है। उन्होंने अपील की योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाये, जिससे यह शरीर स्वास्थ, संकल्पित, ऊर्जा से परिपूर्ण नजर आये और जीवन को बेहतर ढंग से जीने का माध्यम बने। इस दौरान भारी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया।

# मोटर मार्ग नाले में तब्दील की कगार पर

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा में शहीद इन्द्र सिंह बर्गली मोटर मार्ग नाले में तब्दील होने की कगार पर है जगह-जगह गड्ढे बन बने हुए है और नालिया भी बंद पड़ी हुई है।

जिस कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। राहगीर जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को विवश हो रहें है। फिलहाल मार्ग पर यात्रा करना खतरे से खाली नहीं है। सड़क 50 साल पूर्व से निर्मित है रखरखाव के अभाव में सड़क की हालत दयनीय हो गई है। सड़क ग्राम पंचायत ओखलकांडा मल्ला से ग्राम पंचायत ओखलकांडा तल्ला तक 2.5 किलोमीटर सड़क में डामरीकरण करवाने की मांग के सम्बन्ध में पूर्व प्रधान ओखलकांडा मल्ला, तल्ला और महिला मंगल दलों, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र सिंह बोरा ,खीम सिंह बिष्ट सहित दर्जनों समाजसेवियों व




ग्रामीणों ने पत्र ओखलकांडा ब्लॉक के ग्राम पंचायत गलनी में स्थित गलनी खनस्यू तहसील के तहसीलदार के माध्यम से उपजिलाधिकारी धारी को ज्ञापन प्रेषित किया गया। कहा की यथाशीघ्र डामरीकरण नहीं हुआ तो चक्का जाम और धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होंगी। इस दौरान ज्योति बिष्ट, प्रकाश नैनवाल, गजेंद्र सिंह बोहरा, राजेश नैनवाल, पूरन चंद्र, पान देव भट्ट, हरीश सिंह, महेंद्र सिंह, नीमा देवी, दुर्गा पलडिया, किशन सिंह आदि मौजूद रहे।

# रुद्रपुर सिटी क्लब कार्यकारिणी सदस्य के लिए ठुकराल ने जोर शोर से कराया नामांकन

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

रुद्रपुर सिटी क्लब कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के अनुज एवं समाजसेवी संजय ठुकराल ने भी ताल ठोकी है।

उन्होंने अपने समर्थकों के साथ जोर शोर से अपना नमांकन चुनाव अधिकारी एडवोकेट बरीत सिंह के समक्ष प्रस्तुत किया। नामांकन कराने के बाद संजय ठुकराल ने कहा कि यह उनके जीवन का पहला चुनाव है। चुनाव में उन्हें भरपूर प्यार और समर्थन मिल रहा है। सभी साथियों और शुभचिंतकों के आदेश पर वह चुनाव मैदान में उतरे हैं। सबको साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता है। सेवा के इरादे से वह सिटी क्लब कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव लड़ रहे हैं। सभी के आशीर्वाद से वह चुनाव में विजयी हुए तो सिटी क्लब का अधिक से अधिक लाभ जनता को दिलाने के लिए तत्पर रहेंगे। सिटी क्लब में जो भी समस्याएं हैं उन्हें दूर करने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान संजय ठुकराल के साथ प्रदीप अग्रवाल,बलदेव छाबड़ा, ठाकुर प्रवीण सिंह, कंवलजीत सिंह, बॉबी टुटेजा, राहुल सरीन,जोमी चांडा, हरभजन सिंह, प्रमोद मित्तल , प्रवेश बब्बर, सुधीर अरोरा, रवि खुराना, पंकज सुखीजा, ललित सिंह बिष्ट, आकाश बटला, विक्की आहूजा, राजू गुप्ता, संजीव गुप्ता, चीनू दुआ,विकास बंसल, सुदीप सिंह सहित तमाम लोग मौजूद थे।

चुनाव अधिकारी एड.बरीत सिंह के मुताबिक कल यानि रविवार को सुबह मतदान शुरू होगा और शाम को परिणाम घोषित किया जाएगा।11 लोगों ने सदस्यों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।



# स्मार्ट मीटरों ने लोगों की दिलो की धड़कने बढ़ाई

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

एक तरफ महंगाई, दूसरी ओर बेरोजगारी ने लोगों की कमर तोड़ कर रख दी है वहीं स्मार्ट मीटरों ने लोगों की दिलो की धड़कने बढ़ा दी हैं। क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधायुक्त स्मार्ट मीटर क्षेत्र के तमाम घरों में लगाए जा रहे हैं, परंतु कुछ स्थानों में बिल ज्यादा आने की शिकायत मिलने के बाद लोग स्मार्ट मीटर को देखकर डरने लगे हैं।

यहां डहरिया स्थित सीएमटी कालोनी निवासी भवानी राम को जनवरी में बिजली का नया स्मार्ट मीटर लगने के पांच माह बाद 2.62 लाख रुपये का बिल मिला है। जबकि प्रतिमाह 1500 से दो हजार रुपये तक बिल आता था। ऊर्जा निगम से शिकायत करने पर जांच हुई तो पुराने मीटर की रीडिंग के आधार पर बिल जनरेट होने का मामला सामने आया। निगम और स्मार्ट मीटर लगा रही कंपनी पुराने मीटर की एमआरआइ कराने की बात कह रही है। मीटर लगा



रही कंपनी के अधिकारी हरीश तिवारी ने बताया कि वर्तमान में आए बिल से मिलान करने पर पुरानी रीडिंग से गणना की बात सामने आई है। जांच ऊर्जा निगम स्तर पर होगी। लेकिन संभावना है कि मीटर जंप करने से ऐसा हुआ हो। पांच महीने में संबंधित उपभोक्ता ने 872.5 यूनिट बिजली खर्च की है, उसी अनुसार बिल जनरेट हुआ है। भवानी राम ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने का जिम्मा प्राइवेट कंपनी को दिया है इसी के चलते लोगों को कंगाल किया जा रहा है। उन्होंने आह्वान किया है अपने घरों में स्मार्ट मीटर ना लगे ने दे।

# नैनीझील में महाशीर और सिल्वर कार्प मछली के बीज डाले

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जीवनदायिनी नैनी झील की पारिस्थितिकी को बनाये रखने के लिए पंतनगर विश्वविद्यालय के मत्स्य विभाग की ओर से नैनीझील में महाशीर और सिल्वर कार्प मछली के बीज डाले गए जो जलीय पारिस्थितिकी में सुधार लाने का काम करेंगी। साथ ही पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेंगी। बता दें कि शुक्रवार को पंतनगर विश्वविद्यालय मत्स्य विभाग के विशेषज्ञों व कर्मचारियों की टीम नैनीताल पहुंची। टीम ने प्राधिकरण कर्मियों के साथ मिलकर तल्लीताल फांसी गधेरा क्षेत्र से झील में 20 हजार सिल्वर कार्प व पांच हजार गोल्डन महाशीर मछली छोड़ी। इस दौरान डॉ आशुतोष मिश्रा ने बताया कि झील की जलीय पारिस्थिकी का स्तर बेहद गिर गया था। जिस कारण झील में मछलियां भी मरने लगी थी। एरिएशन के बाद झील की पारिस्थितिकी में सुधार लाने के लिए विभिन्न प्रजातियों की मछलियां डाली गई थी। लेकिन कुछ ही वर्षों में झील में कॉमन कार्प मछली की संख्या बेहद बढ़ने लगी। जिसे नियंत्रित करने के लिए कॉमन कार्प, बिग हेड प्रजाति की मछलियों को निकालने के साथ ही नई प्रजातियों को झील में छोड़ा जा रहा है। बताया कि झील में0 25 हजार00 महाशीर और सिल्वर कार्प मछलीयों के बीज झील में डाला है।

बताया सिल्वर कार्प झील की काई व खरपतवार को कम करेंगीए जबकि गोल्डन महाशीर जीवित जीवों को खाकर झील को साफ बनाये रखने में मदद करेंगी।



## NEWS / फटाफट

### पालिका निकाय कर्मचारी महासंघ की कार्यकारिणी का गठन

**नैनीताल ।** नैनीताल में नगर पालिका निकाय कर्मचारी महासंघ के वार्षिक चुनाव में नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सभी पदों पर एक वर्ष के लिए निर्विरोध पदाधिकारी चुने गए। इस दौरान चुनाव में अध्यक्ष शोभा चौहान, उपाध्यक्ष खष्टी साह जबकि सचिव रितेश कपिल तथा उप सचिव मीना कफ लिया निर्विरोध चुनी गयी। चुनाव के लिए मुखय निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार खोलिया रहे जबकि निर्वाचन अधिकारी पीयूष भंडारी व दीपराज कुमार व गोपाल सिंह नेगी रहे। दूसरी ओर कलब के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने बताया कि निर्वाचित कार्यकारिणी कर्मचारी हितों के लिए सदैव संघर्षरत रहेगी।

### शौचालय को शीघ्र खुलवाने हेतु निर्देशित करें

**नैनीताल ।** जनहित संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने नगर के मल्लीताल चीना बाबा मन्दिर के सामने पूर्व निर्मित सार्वजनिक शौचालय के स्थान पर नये शौचालय का निर्माण हो जाने के बाद भी उसका लाभ आम जनमानस को न मिलने के मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। मामले को लेकर चौधरी ने जिलाधिकारी वंदना सिंह से गुजारिश की है कि नए शौचालय को जल्द से जल्द आम जनता के लिए खोला जाए ताकि जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े। चौधरी ने मामले ने जिलाधिकारी वंदना सिंह से अनुरोध किया है कि वह अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद नैनीताल व निर्माण संस्था को उक्त शौचालय को शीघ्र अति शीघ्र उपयोग के लिए खुलवाने हेतु निर्देशित करें।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

# नियमितीकरण को 350 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को जारी करने को लेकर किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन शुक्रवार को 350 वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए- पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत शुक्रवार को उनके नेतृत्व में गुरना देवी मंदिर परिसर स्थित गुरना वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। गुरुरानी ने कहा कि 3 जुलाई से चले इस अनूठे पौधारोपण आंदोलन में अब तक 53 हजार पौधों का रोपण किया जा चुका है। महासंघ के इस आंदोलन का नाम इंडिया बुक ऑफ



रिकॉर्ड में भी दर्ज हो चुका है गुरु रानी ने कहा कि राज्य में निगम ही एक ऐसा विभाग है जिसके कर्मचारी 1000 फ ीट की ऊंचाई से लेकर 1800000 फीट की ऊंचाई तक कार्य करते हैं। वह सरकार के हर निर्णय का अग्रिम पंक्ति में रहकर उसका पालन करते हैं। गुरुरानी ने कहा कि उनके द्वारा जो पौधारोपण किया गया उसके लिए पिथौरागढ़ के प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष सिंह व उनकी टीम के वन क्षेत्र अधिकारी व अन्य कर्मचारियों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है उन्होंने समय.समय पर पौधे दिए हैं। पौधारोपण कार्यक्रम में शेर सिंह, राजेंद्र सिंह, विजय बोरा, भगवान सिंह, नरेंद्र सिंह व दीपक तथा राजेंद्र शामिल रहे।

# शिक्षणेतर कर्मचारी संगठन के द्विवार्षिक चुनाव

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के भीमताल स्थित सर जे. पी. बोस तकनीकी परिसर के शिक्षणेतर कर्मचारी संगठन के द्विवार्षिक चुनाव में कर्मचारियों ने सद्भाव के अपनी परंपरा को बरकरार रखते हुए विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी निर्विरोध रूप से कार्यकारिणी का चुनाव किया।

चुनाव में भगवान चंद्र ध्यानी को अध्यक्ष, बिशन सिंह बिष्ट एवं शशि को उपाध्यक्ष जबकि हीरा सिंह किरौला को सचिव, दलीप सिंह नेगी को उपसचिव और नवीन चंद्र जोशी को कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। विकास भवन कर्मचारी समन्वय समिति के अध्यक्ष हरेंद्र सिंह नेगी के मुखय निर्वाचन अधिकारी के देखरेख में संगठन की चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। नेगी ने बताया कि तय समय तक सभी 6 पदों पर एक- एक नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जिसके बाद सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।



चुनाव घोषणा के बाद मुखय निर्वाचन अधिकारी हरेंद्र नेगी द्वारा सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। निर्वाचन प्रक्रिया के बाद परिसर निदेशक प्रो. एल.0 के.0 सिंह ,विभागाध्यक्ष प्रबंध अध्ययन प्रो अमित जोशी, विभागाध्यक्ष फ र्मेसी डा.कुमुद उपाध्याय, विभागाध्यक्ष जैव प्रौद्योगिकी प्रो. तपन नैलवाल ,अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीना पांडे तथा कुलानुशासक डॉ रिशेंद्र ने पदाधिकारियों एवं सभी कर्मचारियों को बधाई दी। चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करने में डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला, अमरनाथ गोस्वामी, किशन सिंह नेगी, रमेश भट्ट, कर्णिका साह, प्रेम सिंह बिष्ट, श्रीमती कमला, अदिति, रमेश तिवारी, अनीता खोलिया, नरेंद्र नेगी, पुष्कर ढैला सहित परिसर के कर्मचारी शामिल हुए।

**पूर्व प्रधान संपादकः स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक **श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा उत्तरांचल दीप प्रेस चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित

**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**

**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**

दूरभाष : 05946-224556

फैक्स:05946-283801

e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com

www.dainikuttaranchaldeep.com

आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558

समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।

संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## संकट दर संकट

***अब प्रदूषण को लेकर नई जानकारी चिंताजनक है। नैनी झील के जल और तलहटी में माइक्रो प्लास्टिक के कण मिले हैं। माइक्रो प्लास्टिक से मानव के स्वास्थ्य और पर्यावरण को गंभीर खतरा है। दरअसल झील के चारों ओर होने वाली गतिविधियां सही नहीं हैं। होटल, रेस्टोरेंट और पर्यटकों द्वारा फेंका जाने वाला कचरा झील में समा रहा है। झील में गिरने वाले नालों को रोका नहीं जा रहा है। झील में नौकायन के दौरान पर्यटक फास्ट फूड का इस्तेमाल करते हैं और कचरा झील में फेंक देते हैं।***

जलवायु परिवर्तन से हर क्षेत्र में अनेक प्रकार के संकट उत्पन्न हो गये हैं। हिमालयी क्षेत्र में अधिकतर संकट के लिए मानव की प्रकृति विरोधी गतिविधियां जिम्मेदार हैं। विश्व प्रसिद्ध नैनीताल की झील के अस्तित्व को लेकर कई वर्षों से वैज्ञानिक चेतावनी देते रहे हैं। अब प्रदूषण को लेकर नई जानकारी चिंताजनक है। नैनी झील के जल और तलहटी में माइक्रो प्लास्टिक के कण मिले हैं। माइक्रो प्लास्टिक से मानव के स्वास्थ्य और पर्यावरण को गंभीर खतरा है। दरअसल झील के चारों ओर होने वाली गतिविधियां सही नहीं हैं। होटल, रेस्टोरेंट और पर्यटकों द्वारा फेंका जाने वाला कचरा झील में समा रहा है। झील में गिरने वाले नालों को रोका नहीं जा रहा है। झील में नौकायन के दौरान पर्यटक फास्ट फूड का इस्तेमाल करते हैं और कचरा झील में फेंक देते हैं। कचरा भरने से मानसून के बिदा होने पर झील के ऊपरी हिस्से में जल की जगह कचरे से डेल्टा बन जाता है। हर साल कई संस्थाओं के कार्यकर्ता झील की सफाई करते हैं, लेकिन तलीझाड़ सफाई नहीं हो पाती है। कचरा भरने से जल स्तर घटता जा रहा है। झील के चारों तरफ बहुमंजिला होटल और व्यावसायिक भवन बनते जा रहे हैं। माल रोड, लोअर माल रोड में दरारें पड़ गई हैं। पिछले कई साल पहले लोअर माल रोड का बड़ा हिस्सा झील में समा गया था। उच्च तकनीकी संस्थानों के विशेषज्ञों ने पुनर्निर्माण कराया, लेकिन बरसात के मौसम में लोअर माल रोड धंसने का सिलसिला बंद नहीं हुआ। माल रोड के ऊपर की पहाड़ी पर सीढ़ीदार नाले बनाये गये थे, जिससे बारिश का पानी तेज बहाव के साथ कचरा, रेता आदि लेकर झील में न जाये। अतिक्रमण करने वालों ने नालों को भी नहीं बख्शा और नाले नाम मात्र को रह गये हैं। ठंडी सड़क की ओर पहाड़ी से भूस्खलन होने पर मलबा झील में जाता है। भूस्खलन रोकने की कोशिश नाकाम साबित हुई है। प्रदूषण से झील में मछलियों को भी संकट उत्पन्न हो गया है। मत्स्य विशेषज्ञ मछलियों पर अध्ययन करके मछलियों के जीवन के अनुकूल वातावरण देने का प्रयास करते हैं। झील सिर्फ नैनीताल की शोभा अथवा पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र नहीं है। नैनीताल की जीवनरेखा और पारिस्थितिकी धरोहर है। माइक्रो प्लास्टिक के कण मिलने के बाद केन्द्र सरकार, पर्यावरण मंत्रालय तथा राज्य सरकार को संयुक्त रूप से झील को बचाने के लिए विस्तृत तथा दीर्घकालीन कार्य योजना पर अमल करना होगा।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




विज्ञान आधारित सतत विकास एवं राष्ट्र निर्माण विषय पर पंजाब में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। नैशनल साईकोलॉजिकल साइंस एसोसिएशन एवं विभा वाणी द्वारा जीकर पूर पंजाब में वैज्ञानिक अभिरुचि वाले संगठन एवं व्यक्तियों को एक मंच पर लाते हुए एक कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला से लौटने पर जिला विज्ञान कलब नैनीताल के सचिव डॉ. हिमांशु पांडे मित्र ने बताया कि कार्यशाला में उत्तर भारतीय राज्यों पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा एवं पंजाब के प्रतिभागियों ने वैज्ञानिक चिंतन के विकास के साथ राष्ट्र निर्माण के बिंदुओं पर चर्चा करते हुए स्टेट चैप्टर के अनुसार अपने अपने राज्यों की तत्कालीन आवश्यकता आधारित कार्य योजना प्रस्तुत कीं।

इस दौरान विज्ञान भारती के अन्तर्गत विभा वाणी के राष्ट्रीय निदेशक एन पी राजीव तथा उत्तरी भारत के प्रभारी प्रो. रोशन लाल द्वारा उत्तराखण्ड स्टेट चैप्टर की विधिवत घोषणा करते हुए देहरादून के राज बहादुर सैनी को राज्य समन्वयक का दायित्व दिया गया, साथ ही विभिन्न वैज्ञानिक सोच वाले संगठनौ एवं संस्थानों को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रत्येक 4 जनपद का एक क्षेत्रीय संयोजक बनाने का प्रस्ताव दिया गया।

इस अवसर पर उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए नैनीताल के डॉ. हिमांशु पांडे, देहरादून के अनिल चंदोला, पिथौरागढ के डॉ पंकज कांडपाल, उधम सिंह नगर से डॉ. अमित श्रीवास्तव, उत्तरकाशी से स्टीफ न दयाली तथा देहरादून से जगत सिंह सहित हरिद्वार से लखवीर सिंह, अल्मोड़ा से दिनेश चंद्रा, नैनीताल के शशि रावत, हिमाचल के राज्य समन्वयक धीरज रमोल सहित विभिन्न राज्यों के राज्य समन्वयको तथा क्षेत्रीय समन्वयक एवं अन्य सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान विशिष्ट अतिथियों में एन पी राजीव, प्रोफेसर रोशन लाल सहित डॉ. धर्मवीर एवं डा. रेनु ठाकुर द्वारा सन्दर्भ दाता के रूप मे अपने विचारों से सभी को प्रोत्साहित किया।

## नगर निगम के कूड़ा वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा

**रुद्रपुर।** विगम दिवस काशीपुर रोड़ पर ड्यूटी पर जा रहे बाईक सवार व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल करने वाले नगर निगम के कूड़ा वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।अनस पुत्र रफीक अहमद निवासी खेडा वार्ड 17 ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 17 जून की सुबह उसके पिता रफीक अहमद खेड़ा से डूयूटी करने अपनी से काशीपुर रोड बिन्दुखेड़ा मोड स्थित कंपनी जा रहे थे।

तभी गल्ला मंडी मोड़ हाईवे पर एक दम से बिना साईड देखे नगर निगम कूड़ा वाहन के अज्ञात चालक ने गाड़ी मोड़ दी। जिससे उक्त गाडी का पिछला हिस्सा उसके पिता की गर्दन में जाकर लगा और वह गम्भीर रूप से घायल हो गयें। बताया कि उनकी हालत काफी नाजुक बनी हुई हैं वह निजी अस्पताल में आईसीयू में भर्ती है।एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि घायल व्यक्ति के बेटे की तहरीर पर आरोपी कूड़ा वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। विवेचना की जा रही है।

# मुख्यमंत्री धामी की पहल पर गठित सेतु आयोग से बदलेगा युवाओं और ग्रामीण अंचलों का भविष्य

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने गुरुवार को हल्द्वानी स्थित जिला उद्योग केंद्र सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों के समक्ष आयोग की कार्ययोजना साझा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर एंपावरिंग एंड ट्रांसफॉर्मिंग उत्तराखंड (सेतु आयोग) प्रदेश में तकनीक, नवाचार और उद्यमशीलता के माध्यम से विकास को नई दिशा देने के लिए पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। उन्होंने बताया कि आयोग का उद्देश्य युवाओं, किसानों और ग्रामीण अंचलों के लिए एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में कार्य करना है। उपाध्यक्ष सेतु आयोग ने बताया कि टाटा ट्रस्ट, बिल गेट्स फाउंडेशन, नैस्कॉम और महिंद्रा जैसी प्रमुख संस्थाओं के साथ विभिन्न क्षेत्रों में एमओयू किए गए हैं। इससे प्रदेश में तकनीकी सहयोग, कौशल विकास और नवाचार को नई गति मिलेगी।

सेतु आयोग द्वारा शहरी नियोजन को लेकर राज्य सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी गई है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों की सफल योजनाओं का विश्लेषण कर सुझाव दिए गए हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, शहरों में नियोजन, वित्त, आर्किटेक्चर समेत अन्य क्षेत्रों की योजनाएं तैयार करने में आयोग के कंसल्टेंट सहयोग करेंगे। इससे शहरी निकायों को योजनाबद्ध विकास की दिशा में सहायता मिलेगी और वे आने वाले समय में बड़ी परियोजनाओं पर प्रभावी रूप से कार्य कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षा को Artificial Intelligence (AI) से जोड़कर चिकित्सा और हेल्थकेयर जैसे क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर विकसित किए जाएंगे। इसके लिए आगामी सत्र में प्रदेश के उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों में,द्व आधारित कोर्स शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के जमाने में एक बेहतरीन विकल्प है, जिसकी ओर छात्रों को तेजी से आगे बढ़ना होगा और इसके लिए आयोग पूरी सक्रियता से कार्य कर रहा है। प्रदेश के किसानों को लेकर उपाध्यक्ष सेतु आयोग ने बताया कि आने वाले कुछ समय में उन्हें बड़ा लाभ मिलने वाला है। आयोग ने कई बड़ी कंपनियों से एमओयू किए हैं, जिससे उत्तराखंड के किसानों को सीधे बाजार तक पहुंच मिलेगी। इससे उनकी आय में तेजी से बढ़ोतरी होगी और उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध होगा, जिससे देश-विदेश से ग्राहक सीधे उत्तराखंड की ओर आकर्षित होंगे।

# फिल्मी दुनिया

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रकुल प्रीत को मिला ये सम्मान



*बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और उनके पति जैकी भगनानी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मिला फिट इंडिया कपल अवॉर्ड। आज शनिवार को पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर केंद्र सरकार की तरफ से भी फिट इंडिया मूवमेंट के तहत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया है, जिसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और उनके पति जैकी भगनानी को फिट इंडिया कपल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इस खिताब को पाने के बाद कपल्स ने प्रतिक्रिया दी है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सरकार की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और उनके पति जैकी भगनानी को फिट इंडिया कपल अवॉर्ड मिला, जिसे पाकर एक्ट्रेस गर्व महसूस कर रही हैं। एएनआई से बातचीत में अभिनेत्री ने कहा, 'हमें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर फिट इंडिया कपल का पुरस्कार मिला, ये बहुत गर्व की बात है। हमें उम्मीद है कि हम लोगों को फिटनेस के बारे में प्रेरित कर सकेंगे, जिससे वो इसे अपने जीवन का हिस्सा बना सकें।*

### रकुल का वर्कफ्रंट

*रकुल प्रीत सिंह एक जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्हें आखिरी बार मेरे हसबैंड की बीवी में देखा गया था, जिसमें अर्जुन कपूर भी मुख्य भूमिका में थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन करने में नाकामयाब साबित हुई थी। इसके अलावा अभिनेत्री की आगामी फिल्मों की बात करें, तो उन्हें 'इंडियन 3' और 'दे दे प्यार दे 2' में देखा जाएगा।*

# डीएसए खेल मैदान के संचालन को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संगठन नैनीताल के अध्यक्ष त्रिलोचन टॉक तथा महासचिव सोनू सहदेव, उपाध्यक्ष कमल कुमार व उप सचिव विक्की सिलेलान ने शुक्रवार को डीएसए खेल मैदान के संचालन को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के मध्यम अवगत कराया की पालिका की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वर्ष 2022 से वर्तमान तक सेवानिवृत हुए कर्मचारियों के देयकों का भुगतान लंबित चल रहा है। सेवानिवृत कई कर्मचारियों को मृत्यु उपरांत भी उनका भुगतान नही हुआ है। इसके अतिरिक्त कार्यरत कर्मचारियों को भी प्रतिमाह नियमित वेतन नही दिया जा रहा है। कहा कि पालिका की ओर से संचालित डीएसए खेल मैदान व पार्किंग से आर्थिक प्रतिपूर्ति में काफी सहयोग प्रास होता हैए लेकिन अब खेल विभाग की ओर से इसका संचालन अपने हाथ में लेने से पालिका को आर्थिक नुकसान होने की संभावना है। पालिका को डीएसए खेल मैदान के संचालन से होने वाली आय पर विपरीत प्रभाव पडने की संभावना है जिससे उन्हें अपने सेवानिवृति और कार्यरत कर्मचारियों के देयकों का भुगतान करने में कठिनाई हो सकती है। पालिका के आय के स्रोत पहले से ही सीमित हैं और खेल मैदान के संचालन से होने वाली आय उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

संघ ने कहा कि डीएसए खेल मैदान का संचालन खेल विभाग के स्थान पर पूर्व की भांति पालिका स्तर से ही किया जाए ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान न हो। यदि खेल विभाग की ओर से डीएसए खेल मैदान का संचालन स्वयं ले लिया जाता है तो पालिका को आर्थिक नुकसान हो सकता है जिससे उनके कर्मचारियों के देयकों का भुगतान करने में कठिनाई हो सकती है।

## News कॉर्नर

### झील में भारी मात्रा में सीवर का पानी पहुंच रहा

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में मां नयना देवी मंदिर के समीपवर्ती नाले से झील में भारी मात्रा में सीवर पहुंच रहा है जिससे झील का पानी प्रदूषित हो रहा है। वहीं लोग जल संस्थान पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। बता दें कि आए दिन नैनीताल में सीवर लाईन में लीकेज होने के चलते नैनीझील में सीवर का पानी समा रहा है। बीते दिनों कई स्थानों में सीवर बहने की समस्या आई थी। समस्या का समाधान हुआ ही था कि अब मल्लीताल नयना देवी मंदिर के समीपवर्ती नाले से भारी मात्रा में सीवर की गंदगी झील में समा रही है। जिससे झील का पानी मैला नजर आ रहा है। शुक्रवार को झील में सीवर समाता देख स्थानीय लोगों समेत पर्यटकों ने भी विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। मामले में जल संस्थान के सहायक अभियंता डीएस बिष्ट ने बताया कि टीम को मौके पर भेजकर लीकेज चैक कराया जा रहा है। जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

### 200 से ज्यादा दो पहिया वाहनों में जैमर लगाए

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र के सात नंबर को जाने वाले मार्ग में पार्क दो पहिया वाहनों से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों की शिकायत पर पुलिस ने 200 से ज्यादा दो पहिया वाहनों में जैमर लगा दिए हैं। बता दें कि मल्लीताल रिकशा स्टैंड के समीप सात नंबर व सनवाल स्कूल की ओर जाने वाले पैदल मार्ग को लोगों ने पार्किंग स्थल बना दिया है। मार्ग पर बाइक स्कूटी पार्क होने से लोगों व स्कूली बच्चो को आने जाने में परेशानी झेलनी पड़ती हैं। इसकी शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को 200 से ज्यादा बाइक स्कूटी में जैमर व चेन लगा दी। कोतवाली के एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मार्ग पर बाइक व स्कूटी पार्क कर लोगों का मार्ग अवरुद्ध करने पर 10 से ज्यादा लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

# कुमाऊं विवि में महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन नैनीताल में सेतु आयोग उत्तराखंड, ताज होटल ग्रुप, टाटा स्ट्राइड तथा इण्डियन होटल कार्पोरेशन लि0मिटेड, उच्च शिक्षा विभाग तथा स्किल डेव्लपमेंट विभाग उत्तराखंड के मध्य शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए, जिसमें वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 से हॉस्पीलिटी होटल व्यवसाय मैनेजमेंट से संबन्धित शॉर्ट टर्म पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जायेंगे। बता दें कि प्रारंभिक चरण में इन पाठ्यक्रमों का संचालन हरमिटेज स्थित होटल मैनेजमेंट स्थित विभाग में किया जायेगा तथा भविष्य में इसे भीमताल परिसर में वृहद स्तर पर



संचालित किये जाने की व्यवस्था है। इस अवसर पर सेतु आयोग के उपाध्यक्ष प्रो0. राज शेखर जोशी ने कहा कि इस पाठ्यक्रम के कुमाऊं विश्वविद्यालय के अन्तर्गत प्रारंभ होने से उत्तराखंड के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर प्रारंभ होंगे,क्योंकि टाटा होटल ग्रुप के साथ प्रशिक्षण प्रारंभ करने से उनके लिए देश के अन्तर्गत विभिन्न होटल व्यवसायों में अपनी सेवाएं देने के अवसर मिलेंगे। इस अवसर ताज होटल ग्रुप की उपाध्यक्षा सुश्री श्रीसा चन्दना ने इस एम0ओ0यू0 को एक महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए कहा कि भविष्य में भी ताज ग्रुप उत्तराखण्ड के अन्तर्गत इस तरह के पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने की महत्वाकांक्षा रखता है। कार्यक्रम को संजय खेतवाल निदेशक स्किल डव्लपमेंट उत्तराखंड तथा शीला दीत्यसम्मादत आपरेशनल हैडए टाटा स्ट्रइड ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0. दीवान सिंह रावत ने कहा कि भविष्य में इस तरीके के कौशल विकास कार्यक्रमों को विश्वविद्यालय द्वारा बराबर प्रोत्साहित किया जायेगाए कुमाऊँ विश्वविद्यालय अपनी अकादमिक जिमेदारियों के साथ.साथ अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का भी निर्वह्न करें ताकि शिक्षित प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर मुहैया हो सकें। कार्यक्रम का संचालन प्रो0. अतुल जोशी डीन वाणिज्य व संकायाध्यक्ष, बायो मेडिकल साइन्स डा0 महेन्द्र राणा कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा0. एम0एस0 मन्द्रवाल, संकायाध्यक्ष कला प्रो0 रजनीश पाण्डे, सेतु आयोग की सलाहकार श्रीमती भावना सिंदे समेत सुनील शर्मा, कुमार मनीष, काजल कुमारी तथा भुवन पडलिया व डा0 नागेन्द्र प्रसाद शर्मा (क्रीड़ा अधिकारी) आदि उपस्थित रहे।

# चोपड़ा ग्राम में श्रीकंठ महादेव मंदिर का भूमि पूजन समारोह

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल विकासखंड के ज्योलीकोट के समीपवर्ती चोपड़ा ग्राम सुआधार में बनने जा रहे श्रीकंठ महादेव मंदिर का भूमि पूजन समारोह शुक्रवार को श्रद्धा और विधिविधान के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट और विधायक बंशीधर भगत ने मंदिर निर्माण कार्य का शिलान्यास कर शुभारंभ किया। नेता द्वय ने कहा कि ट्रस्ट का कार्य सराहनीय और समाज हित में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।श्रीकंठ महादेव धार्मिक ट्रस्ट के संस्थापक नमन कृष्ण महाराज ने जानकारी दी कि मंदिर के साथ-साथ परिसर में एक संस्कृत विद्यालय और गौशाला की भी स्थापना की जाएगी। इसका उद्देश्य युवाओं में धार्मिक व सांस्कृतिक और शैक्षणिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। मंदिर निर्माण से क्षेत्र में न केवल धार्मिक आस्था को बल



मिलेगाए बल्कि यह स्थान भविष्य में एक प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित होगा। इस मौके पर डा. हरीश सिंह बिष्ट सहित ग्रामीण व श्रद्धालु तथा संतमहात्माओं ने इस मुहिम की सराहना करते कहा कि इससे क्षेत्र की धार्मिक पहचान को नया स्वरूप मिलेगा। नमन कृष्ण महाराज ने कहा यह केवल मंदिर नहीं बल्कि संस्कृति और सेवा का केंद्र बनेगा। संस्कृत विद्यालय से ज्ञान का दीप जलेगा और गौशाला से सेवा का संकल्प मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि श्रीकंठ महादेव मंदिर का निर्माण न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह भावी पीढ़ियों के लिए शिक्षा और सेवा का भी एक सशक्त मंच सिद्ध होगा। ट्रस्ट की यह पहल क्षेत्र में सामाजिक और आध्यात्मिक चेतना को नया आयाम देगी।

# कई सीटें लगातार लगातार महिला व अन्य आरक्षणों के नाम पर आरक्षित की जा रहीः मनोज शर्मा

धारी

हमारे संवाददाता

भीमताल विधानसभा से वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने कहा कि त्रिस्तीय पंचायत चुनाव में जारी आरक्षण रोस्ट न्याय संगत नहीं था , कई सीटें लगातार लगातार महिला व अन्य आरक्षणों के नाम पर आरक्षित की जा रही हैं।

कुछ सीटों पर सत्ता से जुड़े प्रभावशाली लोगों के प्रभाव के कारण सीटों को उनके मनमाफिक किया गया था , आरक्षण रोस्टर मे गड़बड़ी को ठीक करने को लेकर हम लगातार सरकार से माँग कर रहें थे परन्तु सरकार ने हमारी नही सुनी , आरक्षण रोस्टर मे हुई मनमानी को लेकर हाई कोर्ट उत्तराखण्ड मे दायर विभिन्न समाजसेवीयों की याचिका पर सुनवाई पर सुनावाई करते हुये कोर्ट मे माना की आरक्षण रोस्टर न्याय संगत नही हैं और सरकार से पूछा कि रोस्टर न्याय संगत क्यों नही किया और इसका सोमवार तक स्पष्टीकरण माँगा , माननीय हाईकोर्ट ने हमारी मांग को , जिसको सरकार नहीं मान रही थी



, सही माना , और सरकार के कुतर्को को आधारहीन बताते हुए रोस्टर प्रक्रिया में अनियमिताओं को भी स्वीकारा। हम हाई कोर्ट उत्तराखंड का बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं कि जनता पर थोपे जा रहे सरकार के तुगलकी फरमानो पर रोक लगाई । कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष भुवन दरमवाल ने कहाँ कि सरकार कि शुरू से ही चुनाव कराने की मंशा नही थी , हाई कोर्ट के दबाव के कारण आनन फानन मे सरकार ने अदूरदर्शी आरक्षण रोस्टर तो लागू किया , ओ बी सी आरक्षण को आधार बना कर सरकार जो चुनाव को पीछे करने का खेल खेलना चाहती थी वह सरकार ने किया , भुवन दरमवाल ने कहाँ कि हम पुन: सरकार से माँग करते हैं जनभावनाओ के अनुरूप न्याय संगत आरक्षण रोस्टर लागू करें जिससे कि समाज के हर वर्ग को आरक्षण प्रक्रिया का सामान लाभ मिल पाए ।

# बीएलएम एकेडमी में मनाया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बीएलएम एकेडमी में इंटरनेशनल नैचुरोपैथी ऑर्गनाइजेशन आयुष मंत्रालय भारत सरकार की पहल पर योगाचार्य हेमंत जोशी के मार्गदर्शन में एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के तहत 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विद्यालय प्रशासन और शिक्षण कर्मचारियों ने योग, स्वास्थ्य और ध्यान को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योग शैलियों और तकनीकों को प्रदर्शित करने वाले योग और ध्यान सत्र में भाग लिया। ध्यान और तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला सभी के लिए अपने अनुभवों को जोड़ने और साझा करने का अवसर थी। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के बीच योग और स्वस्थ जीवन शैली की भावना को बढ़ावा मिला। मौके पर विद्यार्थियों सहित विद्यालय के हेड एडमिन एंड एच आर डा. अमर सिंह कंवर, उप प्रधानाचार्या संगीता माथुर, एकेडमिक कोर्डिनेटर पूनम क्त्रात्रा , हर्ष गोयल, पीआरओ, ललिता सती, ऑफिस सुपिरिंटेंडेंट दिनेश जोशी, ललित उपाध्याय, राखी कोरंगा, फैयाज अंसारी आदि मौजूद रहे।



### रामजी विहार सोसाइटी में योगाभ्यास कार्यक्रम

**हल्द्वानी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा देवल चौड़ में रामजी विहार सोसाइटी में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक बंशीधर भगत रहे, उन्होंने योग शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में योग की ऐसी अलख जगाई है कि आज हमारे साथ दुनिया के 150 से ज्यादा देश योगासन कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन सचिव डाक्टर निधि अग्रवाल द्वारा तथा योगाभ्यास योग गुरु हिमांशु द्वारा करवाया गया इस अवसर पर भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल ,क्षेत्रीय वित्त सचिव राजेंद्र कुमार गुप्ता, अध्यक्ष दीपक बक्शी, मीनू गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, रचना अग्रवाल, गीतू केसरवानी तथा रामजी विहार सोसाइटी अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज, सचिव हरीश जोशी, राजेंद्र नेगी, मनोहर केसरवानी ,सुमित जैन, विवेक कश्यप, बाल किशन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### एरीज बैंड के समीप सड़क किनारे सुरक्षा दीवार ढही

**नैनीताल।** नैनीताल हल्द्वानी रोड पर एरीज बैंड के समीप सड़क के किनारे सुरक्षा दीवार ढह गई है। दीवार ढहने से सड़क को भी खतरा बढ़ गया है। बीते दिनों भारी बारिश के दौरान एरीज बैंड के समीप सड़क किनारे बनी सुरक्षा दीवार टूट गई है। अब बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त स्थान से मिट्टी निकल रही है। जिससे सड़क को भी खतरा बन रहा है। एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि जल्द ही क्षतिग्रस्त दीवार की मरमत कर दी जाएगी।

# सेंचुरी पल्प एवं पेपर द्वारा योग दिवस मनाया गया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आज 21 जून को सेंचुरी पल्प एवं पेपर द्वारा योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अजय गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया तथा योग में चर्चा करते हुए बताया गया की यदि हम अपने जीवन में रोजाना 1 घंटा योगा को दे तो हम कई बीमारियों को नियंत्रण में रख सकते है। इस कार्यक्रम में श्री प्रणव शर्मा , परितोष राय, महेंद्र हरित, संजय बाजपेई ,सूर्यनारायण , संजय यादव, अरविंद त्यागी ,हेमेंद्र राठौर,



रेशमा शर्मा , प्रतिमा शर्मा, गिरिजा शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण, महिलाओं व छोटे बच्चों ने बढ़ चढ़ कर योग में भाग लिया ।

# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक दिवसीय योग शिविर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

महिला महाविद्यालय हल्द्वानी में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 आभा शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें योग विभाग, नमामि गंगे इकाई, एनएसएस, एनसीसी, रेंजर, तथा रेड रिबन क्लब सहित महाविद्यालय की विभिन्न समितियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन से हुई, जिससे वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। योग शिविर में योगाचार्य ज्योति चुफाल ने छात्राओं, प्राध्यापकों एवं आगंतुकों को योगाभ्यास करवाया। उन्होंने कहा योग न केवल शरीर को स्वस्थ करता है, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा को भी संतुलित करता है। यह जीवन की समग्रता को समझने की



भारतीय पद्धति है, जो हमें तनावमुक्त जीवन की ओर ले जाती है। उन्होंने विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों को ध्यान, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, वज्रासन, ताड़ासन आदि सरल किंतु प्रभावी आसनों का अभ्यास करवाते हुए उनके स्वास्थ्यवर्धक लाभों के बारे में बताया। प्राचार्य प्रो0 आभा शर्मा ने इस अवसर पर शास्त्रों में वर्णित योग की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा योग भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का अमूल्य अंग है। नमामि गंगे इकाई के नोडल अधिकारी एवं एनएसएस प्रभारी डॉ0 रितुराज पंत ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व सप्ताह से ही महाविद्यालय की नमामि गंगे इकाई द्वारा नगर के प्रमुख मंदिरों, मठों एवं आश्रमों में वृहद जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में भारतीय ज्ञान परंपरा, वेद, उपनिषद, योगसूत्र और पुराणों में वर्णित जीवन के आदर्श नियमों के बारे में बताया गया और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी गई।उन्होंने आगे बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को नशामुक्ति, अनुशासित जीवनशैली, और प्राकृतिक जीवन के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो0 ए0के0 श्रीवास्तव, प्रो0 टी0बी0 सिंह, प्रो0 नरेंद्र कुमार, प्रो0 रश्मि पंत, डॉ0 देवकी गिरी,योग विभाग प्रभारी डॉ0 हिमानी, एनसीसी प्रभारी डॉ0 रेखा जोशी, रेंजर प्रभारी डॉ0 विद्या कुमारी, डॉ0 नीता, डॉ0 शरद, डॉ0 बीना, डॉ0 गीता, डॉ0 तनुजा, डॉ0 हेमलता, डॉ0 चंद्र प्रकाश, डॉ0 दिनेश जोशी, डॉ0 स्वाति, डॉ0 नेहा, डॉ0 फकीर सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।